नवसारी कृषि विश्वविद्यालय गुजरात के वानिकी छात्रों का हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला के शैक्षणिक भ्रमण की रिपोर्ट

Report on the Educational Tour of B.Sc. Forestry Students from Navsari Agricultural University, Gujrat to HFRI, Shimla

#प्रकृति@मिशन लाइफ# नवसारी, कृषि विश्वविद्यालय गुजरात के इकतालीस वानिकी स्नातक विषय के छात्रों के समूह ने 16 दिसम्बर, 2023 को भा.वा.अ.शि.प.-हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला का दौरा किया । उन्हें संस्थान की अनुसंधान और विस्तार गतिविधियों के बारे में **श्री दुष्यन्त, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी** द्वारा पॉवर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से अवगत करवाया गया । उन्होनें मुख्यतः संस्थान द्वारा विकसित प्रौद्योगिकी, विस्तार गतिविधियों एवं वर्तमान में चल रही अनुसंधान गतिविधियों/विविध परियोजनाओं के बारे में संकाय व छात्रों को अवगत करवाया । अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजनाओं में, ए०आई०सी०आर०पी०-२२ में मृदा स्वास्थ्य कार्ड तैयार करने एवं इसके महत्व के बारे में भी जानकारी सांझा की । इसके अलावा, सिंधु नदी की पाँच मुख्य सहायक नदियां, झेलम, चिनाब, रावी, व्यास एवं सतलुज का वानिकी हस्तक्षेप द्वारा जीर्णोद्धार करने के लिए, संस्थान द्वारा बनाई गई विस्तृत्त परियोजना रिपोर्ट के बारे में भी बताया । श्री कुलवंत राय गुलशन, वरिष्ठ तकनीशियन ने छात्रों को **मिशन लाइफ** की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी । विशेषतः स्वस्थ जीवन शैली अपनाना, मोटे अनाज का उपयोग, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को अधिकतम करने और ऊर्जा संरक्षण के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का विवेकपूर्ण उपयोग और उनके खराब होने पर ई० वेस्ट/इलेक्ट्रॉनिक कचरा के उचित निपटान के महत्व के बारे में बताया गया । इसके अलावा **अमृत सरोवर** योजनाओं के उद्देश्यों और शहरी वानिकी के महत्व के बारे में भी संक्षेप में जानकारी दी गयी । छात्रों का वनस्पति संग्रहालय और प्रौद्योगिकी प्रदर्शन केंद्र में भ्रमण भी करवाया गया तथा हर्बेरियम प्रोटोकॉल और संस्थान द्वारा विकसित तकनीक एवम उत्पादो के जानकारी सांझा की गई ।

हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला
Himalayan Forest Research Institute, Shimla
हि.व.अ.सं.
HFRI

भा.वा.अ.शि.प. - हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान
में आपका स्वागत है

NIKE

भा.वा.अ.शि.प.-हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान

****